कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :......................../सम्बद्धता/2020

दिनांक :..

कार्यालय–ज्ञाप

सूच्य है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 1018/सत्तर–2–2020–16(11)/2017, दिनांक 17 नवम्बर, 2020 द्वारा बी0एड0 के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/परास्नातक स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु (आगामी शिक्षा सत्र के लिये) अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावो के ऑनलाइन निस्तारण हेतु समय–सारिणी निर्धारित की गयी है जिसके अनुसार एन0ओ0सी0 हेतु वेबसाईट "https:/henoc.upsdc.gov.in" पर ऑन लाइन आवेदन किये जाने के लिए दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 की अन्तिम तिथि निर्धारित है। यह भी उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 शासन द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के चार जनपदों–हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली को लखनऊ विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में सम्मिलित कर दिया गया है। अतएव इन जनपदों में नये महाविद्यालयों को खोले जाने अथवा पूर्व से स्थापित/संचालित महाविद्यालयों में नये विषयों/पाठ्यक्रमों के संचालनार्थ अनापत्ति/सहयुक्तता लखनऊ विश्वविद्यालय से प्रदान की जायेगी।

अतः लखनऊ सहित चार अन्य जनपदों–हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली में बी0एड0 के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/परास्नातक स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु (आगामी शिक्षा सत्र के लिये) अनापत्ति के लिए उपरोक्तानुसार 31 दिसम्बर, 2020 तक ऑनलाइन आवेदन कर उसके प्रिंटआउट की प्रति संलग्नकों सहित विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(वी0पी0 कौशल)
उप कुलसचिव (सम्ब.)
कृते कुलसचिव

संख्या : R/1412/20 दिनांक : 21/12/2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी– हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली को सूचनार्थ प्रेषित।
4. कुलसचिव, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने स्तर से संदर्भित चार जनपदों–हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली में स्थापित महाविद्यालयों को अपने स्तर से भी सूचित करने का कष्ट करें।
5. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, बंगला बाजार, आशियाना, लखनऊ।
6. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
8. गार्ड फाईल।

उप कुलसचिव (सम्ब.)